>

Title : The Speaker made reference to the passing away of Shri Birendra Prasad, Member, 6th Lok Sabha; Shri Mahendra Karma, Member, 11th Lok Sabha; Shri Lonappan Nambadan, Member, 14th Lok Sabha; Shri Vidyacharan Shukla, Member 2nd to 5th and 7th to 10th Lok Sabha; Shri N. Dennis, Member 7th to 12th Lok Sabhas; Shri Dinkar Balu Patil, Member, 6th and 8th Lok Sabhas; Dr. Chandra Shekhar Verma, Member of the 8th Lok Sabha; Shri Subhash Yadav, Member, 7th and 8th Lok Sabhas; Smt. Bhavnaben Devrajbhai Chikhalia, Member, 10th and 14th Lok Sabhas; Shri Samar Mukherjee, member, 5th to 7th Lok Sabhas; Shri Khushid Alam Khan, Member, 8th Lok Sabha and Shri Arun Kumar Nehru, Member, 7th to 9th Lok Sabhas. The Speaker also made reference to large number of people who loss their lives in various accidents.

अध्यक्ष महोदया : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को तेरह भूतपूर्व सदस्यों सर्वश्री बिरेन्द्र प्रसाद, महेन्द्र कर्मा, लोनप्पन नम्बाडन, विद्याचरण शुक्ल, एन. डेनिस, दिनकर बालू पाटिल, डॉ. चन्द्रशेखर वर्मा, सुभाष यादव, श्रीमती भावना देवराज चिखलिया और सर्वश्री हरिसिंह चावड़ा, समर मुखर्जी, खुर्शीद आलम खान और अरूण कुमार नेहरू के दुखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री बिरेन्द्र प्रसाद छठी लोक सभा के सदस्य थे तथा उन्होंने बिहार के नालंदा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

श्री प्रसाद 1972 से 1974 तक बिहार विधान सभा के सदस्य भी रहे।

श्री प्रसाद एक सुयोग्य सांसद थे और उन्होंने सभा पटल पर रखे गये पत्रों संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया।

श्री बिरेन्द्र प्रसाद का निधन 80 वर्ष की आयु में 11 जनवरी, 2013 को पटना में हुआ।

श्री महेन्द्र कर्मा 1996 से 1997 तक ग्यारहवीं लोक सभा के सदस्य रहे। उन्होंने तत्कालीन मध्य प्रदेश के बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

श्री कर्मा मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ विधान सभाओं के सदस्य रहे और उन्होंने छत्तीसगढ़ विधान सभा में विपक्ष के नेता के रूप में भी कार्य किया।

वे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकारों में मंत्री रहे।

श्री महेन्द्र कर्मा की 62 वर्ष की आयु में छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में जीरम घाटी में 25 मई, 2013 को एक नक्सली हमले में हत्या कर दी गयी।

श्री लोनप्पन नम्बाडन 2004 से 2009 तक चौदहवीं लोक सभा के सदस्य थे। उन्होंने केरल के मुकुंदपुरम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

श्री नम्बाडन 1977 से 2001 तक छः बार केरल विधान सभा के सदस्य और केरल सरकार में परिवहन और आवास मंत्री रहे।

श्री नम्बाडन एक सुयोग्य सांसद थे और उन्होंने जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति तथा भारी उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया।

श्री लोनप्पन नम्बाडन का निधन 77 वर्ष की आयु में 5 जून, 2013 को केरल के एडपल्ली में हुआ।

श्री विद्याचरण शुक्ल आठ बार लोक सभा के सदस्य रहे।

श्री शुक्ल ने दूसरी से पांचवीं और सातवीं से दसवीं लोक सभा में तत्कालीन मध्य प्रदेश के बलौडा बाजार, महासमुन्द और रायपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया।

गणमान्य संसदविद श्री शुक्ल ने केन्द्रीय नागरिक आपूर्ति और सहकारिता मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और जल संसाधन मंत्रालय में मंत्री के रूप में कार्य किया और वे विभिन्न मंत्रालयों में केन्द्रीय राज्य मंत्री और उपमंत्री भी रहे। वे 9वीं लोक सभा में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य थे। उन्होंने कई देशों की यात्राएं की और बोत्सवाना और लिसोथो के स्वतंत्रता-समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। 1976 में निर्गुट आंदोलन के सूचना मंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता की।

श्री विद्याचरण शुक्ल बस्तर जिले के जीरम घाटी में नक्सली हमले में गंभीर रूप से घायल हुए, जिसके फलस्वरूप 11 जून, 2013 को 83 वर्ष की आयु में गुड़गांव में उनका देहान्त हो गया।

श्री एन. डेनिस 1980 से 1999 तक तमिलनाडु के नागरकोइल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए, सातवीं से बारहवीं लोक सभा के सदस्य रहे।

वे 1971 से 1976 तक तमिलनाडु विधान सभा के सदस्य भी रहे।

एक सक्षम सांसद के रूप में श्री डेनिस ने प्राक्कलन समिति, याचिका समिति, गृह और विदेशी मामलों संबंधी समितियों सहित अनेक समितियों के सदस्य के रूप में कार्य किया। वे विभिन्न मंत्रालयों जैसे वाणिज्य मंत्रालय, उद्योग मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, कृषि मंत्रालय और संचार मंत्रालय की परामर्शदात्री समितियों के सदस्य थे।

श्री एन. डेनिस का देहान्त 84 वर्ष की आयु में नागरकोइल, तमिलनाडु में 21 जून, 2013 को हुआ।

श्री दिनकर बालू पाटिल महाराष्ट्र के कुलाबा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए, क्रमशः 1977 से 1979 तक और 1984 से 1989 तक छठी और आठवीं लोक सभा के सदस्य रहे।

श्री पाटिल 1957 में मुम्बई विधानसभा और 1962 से 1977 तथा 1980 से 1984 तक महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य थे। वे महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और महाराष्ट्र विधानसभा में विभिन्न समितियों के सदस्य भी थे।

एक विशिष्ट सांसद के रूप में श्री पाटिल ने प्राक्कलन समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया।

श्री पाटिल का महाराष्ट्र के पनवेल में दिनांक 24 जून, 2013 को 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

डा. चन्द्रशेखर वर्मा बिहार के खगड़िया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 1984 से 1989 तक आठवीं लोक सभा के सदस्य थे।

एक योग्य सांसद के रूप में उन्होंने सभा पटल पर रखे गए पत्रों संबंधी समिति के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

25 जून, 2013 को 72 वर्ष की आयु में डा. वर्मा का निधन दिल्ली में हुआ।

श्री सुभाष यादव वर्ष 1980 से 1989 तक मध्य प्रदेश के खरगौन संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में सातवीं और आठवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री यादव तीन कार्यकाल के लिए मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे।

एक सुयोग्य सांसद के रूप में श्री यादव ने वर्ष 1985 में रेल अभिसमय समिति के सभापति के रूप में कार्य किया।

श्री सुभाष यादव का नई दिल्ली में 26 जून, 2013 को 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

श्रीमती भावना देवराज चिखलिया गुजरात के जूनागढ़ संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में वर्ष 1991 से वर्ष 2004 तक दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं और तेरहवीं लोक सभा की सदस्य थीं।

एक योग्य सांसद के रूप में उन्होंने वर्ष 2003-2004 के दौरान पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री के रूप में कार्य किया। वह कई संसदीय समितियों की सदस्य रहीं जिनमें, विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी समिति, पर्यावरण और वन संबंधी समिति, अधीनस्थ विधान संबंधी समिति, संचार समिति, लोक लेखा समिति तथा सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति शामिल हैं।

उन्होंने रेल अभिसमय समिति के सभापति के रूप में भी कार्य किया। वह पर्यावरण और वन मंत्रालय तथा रेल मंत्रालय की सलाहकार समितियों की सदस्य भी थीं। श्रीमती भावना देवराज चिखलिया का गुजरात के जूनागढ़ में 28 जून, 2013 को 58 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

श्री हरिसिंह चावड़ा गुजरात के बनासकांठा संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ष 1991 से 1996 तक और वर्ष 2004 से 2009 तक क्रमशः दसवीं और चौदहवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री चावड़ा वर्ष 1975 से 1985 के बीच दो कार्यकाल के लिए गुजरात विधान सभा के सदस्य भी रहे। योग्य सांसद श्री चावड़ा ने मानव संसाधन विकास संबंधी समिति और सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। श्री हरिसिंह चावड़ा का गुजरात के बनासकांठा में 82 वर्ष की आयु में 29 जून, 2013 को निधन हो गया।

श्री समर मुखर्जी वर्ष 1971 से वर्ष 1984 तक पांचवीं, छठी और सातवीं लोक सभा के सदस्य थे तथा उन्होंने पश्चिम बंगाल के हावड़ा संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वे वर्ष 1986 से 1993 तक दो बार राज्य सभा के भी सदस्य रहे। श्री मुखर्जी 1957 से 1962 तक पश्चिम बंगाल विधान सभा के सदस्य भी रहे। एक सुयोग्य संसदविद्, अनुभवी नेता तथा स्वतंत्रता सेनानी श्री मुखर्जी सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति और नियम समिति के सदस्य रहे। श्री समर मुखर्जी का निधन 99 वर्ष की आयु में 18 जुलाई, 2013 को कोलकाता में हुआ।

श्री खुर्शीद आलम खान उत्तर प्रदेश के फरूखाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में आठवीं लोक सभा के सदस्य रहे। वे वर्ष 1974 से 1984 तक दो बार राज्य सभा के भी सदस्य रहे। गण्यमान्य संसदविद् श्री खान ने वाणिज्य, वस्त्र और पर्यटन मंत्रालय में राज्यमंत्री तथा नागर विमानन (स्वतंत्र प्रभार) और

विदेश मंत्रालय में मंत्री के रूप में कार्य किया।

श्री खान ने वर्ष 1989 से 1991 तक गोवा के राज्यपाल तथा वर्ष 1991 से 1999 तक कर्नाटक के राज्यपाल के पद को सुशोभित किया। इस अवधि के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र और केरल राज्यों का भी अतिरिक्त प्रभार संभाला। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी विशेष रुचि रही। उन्होंने डा. जाकिर हुसैन मेमोरियल कॉलेज के शासी निकाय के सदस्य के रूप में तथा जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में भी कार्य किया। श्री खुर्शीद आलम खान का निधन 94 वर्ष की आयु में 20 जु लाई, 2013 को दिल्ली में हुआ।

श्री अरुण कुमार नेहरु वर्ष 1980 से 1991 तक सातवीं, आठवीं और नौवीं लोक सभा के सदस्य रहे तथा उन्होंने उत्तर प्रदेश के रायबरेली और बिलहौर संसदीय निर्वाचन-क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया। एक गण्यमान्य संसदविद् श्री नेहरू ने 1984-85 और 1985-86 के दौरान क्रमशः ऊर्जा और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। वर्ष 1989-90 में वे केंद्रीय उद्योग और वाणिज्य मंत्री रहे। वे रेल अभिसमय समिति के सदस्य रहे और विदेश तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालयों की परामर्शदात्री समितियों के भी सदस्य रहे। श्री अरुण कुमार नेहरू का 69 वर्ष की आयु में 25 जुलाई, 2013 को गुड़गांव में निधन हो गया।

हम भूतपूर्व सांसदों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं तथा मुझे विश्वास है कि यह सभा शोक संतप्त परिवारों को हमारी संवेदनाएं संप्रेषित करने में मेरे साथ है।

माननीय सदस्यो, जून माह, 2013 में भारी वर्षा, भूस्खलन और आकस्मिक बाढ़ से उत्तराखण्ड के जिलों में लोमहर्षक विनाशलीला हुई है। इस अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने जान गंवाई, घायल हुए तथा लापता हो गए हैं। इसके अलावा हजारों ग्रामवासी अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं। बचाव कार्य कर रहा भारतीय वायु सेना का एक हेलीकॉप्टर 25 जून, 2013 को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके फलस्वरूप चालक दल के पांच सदस्यों तथा पंद्रह सवारियों की मृत्यु हो गई।

यह सभा उत्तराखण्ड में हुई जान और माल की भयंकर हानि पर गहरा दुख तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। यह सभा भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना, भारत-तिब्बत सीमा बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तथा सीमा सड़क संगठन के बहादुर जवानों तथा राहत कार्य में तल्लीन सभी संगठनों के उन कर्मियों का अभिनंदन करती है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया है। उन अन्य लोगों की भी सराहना करती है, जिन्होंने नःस्वार्थ भावना से बचाव कार्यों में सहयोग किया।

एक दुखद घटना में, छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में 25 मई, 2013 को हुए नक्सली हमले में वरिष्ठ राजनेताओं सहित अट्ठाइस लोग मारे गए और छत्तीस अन्य घायल हो गए।

24 जून, 2013 को श्रीनगर में सेना के काफिले पर हुए एक आतंकवादी हमले में सेना के आठ जवान शहीद हो गए तथा उन्नीस अन्य घायल हो गए।

2 जुलाई, 2013 को झारखण्ड स्थित दुमका में हुए नक्सलवादी हमले में एक पुलिस अधीक्षक सहित छह पुलिसकर्मी मारे गए। यह सदन ऐसे कायरतापूर्ण जघन्य कृत्यों की कठोर शब्दों में निन्दा करता है।

एक हृदय विदारक घटना में बिहार के सारण जिले में 16 जुलाई, 2013 को एक प्राथमिक विद्यालय में भोजन-विषाक्तता के कारण तेइस बच्चों और एक रसोइए की मृत्यु होने की सूचना मिली है।

स्पेन में सैन्टिएगो डी कम्पोस्टेला के पास 24 जुलाई, 2013 को हुई रेल दुर्घटना से हमें बहुत दुख पहुंचा है। हम पीड़ितों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं और घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

दिनांक 30 जुलाई, 2013 को राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में एक स्कूल बस की ट्रक से भिड़ंत होने पर ग्यारह स्कूली बच्चों के मारे जाने और तेइस अन्य के घायल होने की सूचना मिली है।

दिनांक 1 अगस्त, 2013 को पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में सरहिन्द के पास पंजाब रोडवेज की एक बस के नहर में गिर जाने के कारण लगभग चालीस व्यक्तियों के डूब जाने की सूचना मिली है।

यह सभा इन सभी त्रासदियों पर अपना गहरा शोक व्यक्त करती है एवम् शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करती है। हम घायल व्यक्तियों के त्वरित स्वास्थ्य लाभ की शुभेच्छा करते हैं।

अब सभा में उपस्थित सदस्य दिवंगत व्यक्तियों के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े हों।

11.25 hrs.

The Members then stood in silence for short while.

MADAM SPEAKER: The House will now take up Question Hour.

...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Madam, I have given notice for suspension of Question Hour...(*Interruptions*)

11.29 hrs

At this stage, Shri M.Venugopala Reddy, Shri N.Kristappa and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

...(*Interruptions*)

11.32 hrs

At this stage, Shri Sansuma Khunggur Bwiswmuthiary and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: What are you doing? Shri Bwiswmuthiary, I will give you a chance in the 'Zero Hour'. Please go back to your seat.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आप लोग अपनी सीटों पर जाकर बैठ जाइये। हम आपको भी और आपको भी जीरो आवर में बोलने कों चांस देंगे।

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: I will give you a chance in the 'Zero Hour'.

...(*Interruptions*)